दिन– सोमवार दिनांक– 03/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

उपमुख्यमंत्री सह वित्तमंत्री सम्राट चौधरी ने आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस का बजट पेश किया। इस बार बजट का आकार लगभग तीन लाख सत्रह हजार करोड़ रुपये है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग अड़तीस हजार करोड़ रुपये अधिक है। बजट पेश करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने वित्तीय प्रबंधन को तय मानकों के अंदर रखा जिससे वित्तीय अनुशासन बना रहा। उन्होंने कहा कि राजकोषीय घाटा को तीन प्रतिशत पर बनाए रखने की कोशिश की गई है। श्री चौधरी ने कहा कि सरकार आय–व्यय की बीच सामंजस्य बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वित्तीय ढांचे में सुधार पर बल देते हुए रोजगारयुक्त निवेश पर सबसे अधिक ध्यान केन्द्रित किया है। वित्तमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है।

वित्तमंत्री ने कहा कि बजट में सबसे अधिक साठ हजार करोड़ रुपये का आवंटन शिक्षा विभाग के लिए किया गया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के लिए बीस हजार तीन सौ पैंतीस करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ग्रामीण कार्य और पथ निर्माण विभाग के लिए सत्रह हजार आठ सौ नौ करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वित्तमंत्री ने कहा कि गृह विभाग के लिए सत्रह हजार आठ सौ इकतीस करोड़ रुपये, ग्रामीण विकास विभाग के लिए सोलह हजार तिरानवे करोड़ रूपये तथा ऊर्जा विभाग के लिए तेरह हजार चार सौ चौरासी करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं।

वित्तमंत्री ने कहा कि बजट में इक्कीस कृषि बाजार उत्पादन समिति के लिए एक हजार दो सौ नवासी करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। उन्होंने बताया कि शेष सत्रह बाजार उत्पादन समिति को भी जल्द शुरू किया जायेगा। वित्तमंत्री ने कहा कि अब राज्य के किसानों से अरहर, मूंग और उड़द की दाल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जायेगी। सभी अनुमंडल और प्रखंड स्तर पर कोल्ड स्टोरेज खोले जायेंगे। बजट में सभी प्रखंड मुख्यालय में तरकारी सुविधा आउटलेट खोले जाने की घोषणा की गई

है। वित्तमंत्री ने पंचायत स्तर पर गरीब कन्या विवाह मंडप बनाये जाने की घोषणा की। पटना में महिला हाट का निर्माण कराया जायेगा साथ ही अन्य जिलों में वेंडिंग जोन में महिलाओं के लिए अलग से जगह चिन्हित की जायेगी। महिलाओं के लिए शहरों में पिंक टॉयलेट खोला जायेगा। इसके अलावा बड़े शहरों में पिंक बस सेवा की शुरूआत की जायेगी जिसमें सिर्फ महिलाएं सफर कर सकेंगी। इन बसों का संचालन भी महिलाओं द्वारा होगा।

वित्तमंत्री ने बेगूसराय में कैंसर मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कैंसर अस्पताल खोले जाने की घोषणा की। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में नगर चिकित्सा सुविधा केन्द्र की स्थापना की जायेगी। उन्होंने कहा कि सरकार सात शहरों में छोटे एयरपोर्ट शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। पूर्णियां एयरपोर्ट से अगले तीन महीने में हवाई यातायात शुरू हो जायेगा। वित्तमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सत्ताईस तक सरकार का लक्ष्य लोगों को राज्य के किसी भी कोने से चार घंटे के अंदर राजधानी पटना पहुंचाने का है। श्री चौधरी ने कहा कि सभी जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड का आधुनिकीकरण किया जायेगा। वित्तमंत्री ने मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग प्री मैट्रिक छात्रवृति और अनुसूचित जाति–जनजाति श्रेणी के छात्रों को दी जाने वाली प्री मैट्रिक छात्रवृति की राशि को दोगुना करने की घोषणा की।

———————————————————————————

प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर चला गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान अट्ठाईस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस से बत्तीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से एक से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान भी सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बत्तीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान औसत तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट का पूर्वानुमान है।

———————————————————————————

समाप्त